नवभारत
www.navbharatlive.com

# डिजिटल के युग में लोगों को सुरक्षित रहना जरूरी

## क्विक हिल फाउंडेशन के सहयोग से सत्र सफल

■ भंडारा, ब्यूरो. क्विक हिल फाउंडेशन के सहयोग से चलाए जा रहे 'सायबर शिक्षा फॉर सायबर सुरक्षा' अभियान के अंतर्गत भंडारा स्थित युनायटेड कोचिंग सेंटर में विद्यार्थियों के लिए सायबर जागरूकता सत्र आयोजित किया गया. इस अवसर पर जे. एम. पटेल कॉलेज, भंडारा के कम्प्यूटर विज्ञान विभाग की छात्राएं अनुश्री वाहाने और मिस्टी दास ने मार्गदर्शन किया. उन्होंने विद्यार्थियों को डिजिटल युग में सुरक्षित रहने की आवश्यकता पर बल दिया. साथ ही मोबाइल और इंटरनेट का सावधानीपूर्वक उपयोग, मजबूत पासवर्ड बनाना, ऑनलाइन ठगी से बचाव के उपाय और सोशल मीडिया का जिम्मेदारी से उपयोग करने जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां सरल भाषा और उदाहरणों के माध्यम से दी. सायबर वॉरियर्स अनुश्री वाहाने और मिस्टी दास ने विद्यार्थियों को स्वयं तथा अपने परिवार को डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रखने के सभी आवश्यक उपाय विस्तार से समझाए. इस मौके पर युनायटेड कोचिंग सेंटर के किशोर देशकर ने क्विक हिल फाउंडेशन द्वारा उपलब्ध कराए गए इस मंच की सराहना की और अनुपमा काटकर व अजय शिर्के के प्रति आभार व्यक्त किया. कार्यक्रम की सफलता में सुरेश वागडे का विशेष मार्गदर्शन रहा. आयोजन विभाग प्रमुख, सहयोगी शिक्षक एवं गैरशिक्षकीय कर्मचारियों की मदद से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ.



Bhandara Plus Edition
Sep 21, 2025 Page No. 2
Powered by: navbharatlive.com